Regarding cleaning of drainage from Nauhatta to Salkhua

श्री दिनेश चंद्र यादव **(मधेपुरा) :** सभापति महोदय, बिहार राज्य के अन्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र के सहरसा जिले में पूर्वी कोसी तटबंध के 77 किलोमीटर का तक वर्ष 1984 में तटबंध के कटने से नौहट्टा से सलखुआ तक जो ड्रेनेज था, उसमें बालू भरने के कारण वह बिल्कुल अनुपयोगी हो गया है और उससे पानी की निकासी बंद हो गई है । पूर्वी कोसी तटबंध के पूर्वी भाग में नौहट्टा से सलखुआ, 77 किलोमीटर के दायरे में लगभग 70-80 हजार एकड़ भूमि में काफी मात्रा में पानी भर जाता है । वह किसान की जमीन है, लेकिन वहां पर पानी भरे रहने के कारण वह खेती नहीं कर पाता है और उसके सामने भूखमरी की समस्या रहती है । उसी तरह से पश्चिमी कोसी तटबंध के पश्चिमी भाग में गंडोल से घोंघेपुर में 8 किलोमीटर तक का इलाका पानी से भरा रहता है ।

मैं माननीय जल शक्ति मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि नौहट्टा से सलखुआ तक, 77 किलोमीटर एवं गंडोल से घोंघेपुर, 8 किलोमीटर तक के ड्रेनेज की सफाई की जाए, जिससे किसानों के खेतों में जो पानी भरा हुआ है, वह पानी बाहर निकल सके । इससे उनकी जमीन उपयोगी हो जाएगी और किसान खुशहाल रहेगा । इसलिए ड्रेनेज की सफाई जल्दी से जल्दी करवाई जाए ।